# बिहार सरकार

# कार्यालय, नगर पंचायत सोनवर्षा, सहरसा

Email:-npsonbarsha@gmail.com

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक – 4081, दिनांक–26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वियन हेतु दिशा निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

**स्वच्छता साथी कौन होंगे :–**

1 स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय हो सकता है परंतु लोकल व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

2 अभ्यर्थी की उम्र 40 वर्ष से अधिक ना हो।

3 अभ्यर्थी को कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।

4 अभ्यर्थी की आवाज साफ हो ताकि वे अच्छे से Communicate कर सके।

5 अभ्यर्थी को स्वच्छता से संबंधित कार्यो में कम से कम एक वर्ष अनुभव होना चाहिए।

6 अभ्यर्थी के रूप में Waste Picker, Citizen Leader, SHG Member, Swachhagrahi, Sanitation Worker, Brand Ambassadors, NULM, ASHA, Anganwadi worker, NGOs youth, Community Based Organizations, RWAs से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते है।

7 नगर पंचायत स्तर पर कुल संख्या – 05 स्वच्छ साथी चयनित किये जायेगें।

**स्वच्छता साथी को मिलने वाले लाभ :–**

1 कार्य अवधि पांच घंटे प्रतिदिन न्यूनतम होगी।

2 प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जायेगी।

3 छुट्टी हेतु निकाय की प्रक्रिया का पालन किया जायेगा।

4 मानदेय प्रत्येक माह में एक से पाँच तारीख तक देय होगा।

5 मानदेय कर्मी के Bank Account में ही भेजा जाएगा।

6 प्रतिदिन रू० 300.00 के दर से प्रतिमाह अधिकतम 20 दिन का मानदेय 300 x 20 = 6000.00 रू० मानदेय के रूप में देय होगा।

7 स्वच्छता साथी को Contractual Basis पर एक वर्ष के लिए Hire किया जायेगा, जिसकी अवधि बढ़ाई जा सकती है।

8 प्रत्येक स्वच्छ साथी को प्रत्येक वर्ष में 200 दिनों के लिए Engage किया जायेगा।

9 200 कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 दिन का होगा जो वर्ष के किसी भी 10 माह में (स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए) में मान्य होगा।

10 सभी स्वच्छ साथी को Monitor करने की जिम्मेदारी लोक स्वच्छता पदाधिकारी की होगी।

11 छुट्टी एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले लोक स्वच्छता पदाधिकारी देखेंगें।

12 किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जायेगी एवं लगातार तीन माह तक कार्य संतोषजनक नही होने पर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है।

**चयन की प्रक्रिया :–**

(I) स्वच्छ साथी को Open Advertisment के माध्यम से Engage किया जाना है। पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन प्रपत्र अनुलग्नक सहित दिनांक 02/09/2026 तक नगर पंचायत सोनवर्षा कार्यालय में समय 3.00 बजे अपराहन तक स्वीकार किये जायेगें।
आवेदक स्वंय आवेदन के साथ उपस्थित होकर आवेदन जमा करेगें। किसी अन्य माध्यम से भेजे गये आवेदन पर कोई विचार नही किया जायेगा। उक्त तिथि के बाद किसी प्रकार की कोई दावा मान्य नही होगा। (आवेदन का प्रपत्र का प्रारूप संलग्न)

(a) चयन से संबंधित आवेदन की माँग से संबंधित सूचना निकाय स्तर पर कार्यालय के सूचना पट्ट एवं अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर लगाया जाएगा है।

(b) Criteria एवं Benefits की विवरणी सूचना में संलग्न होनी चाहिए।

(c) आवेदन करने हेतु वांछित कागजात (आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, चरित्र प्रमाण पत्र, एवं अन्य प्रमाण पत्र जिसका अभ्यर्थी दावा करते हो। साथ ही सभी दस्तावेज स्वअभिप्रमाणित किया हो)

(क) अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों के मूल्यांकन के पश्चात योग्य आवेदकों को साक्षात्कार हेतु तिथि निर्धारित करते हुए साक्षात्कार में भाग लेने की सूचना कार्यालय नगर पंचायत सोनवर्षा के सूचना पट्ट पर प्रकाशित की जायेगी। आवेदकों अद्यतन जानकारी के लिए समय – समय पर कार्यालय में सम्पर्क करते रहेगें।

(ii) प्राप्त हुए आवेदन की Selection Criteria के आधार पर जांच एवं मिलान कर final list बनायी जाएगी।

(iii) सभी अभ्यर्थियों को One to one interview किया जायेगा।

(iv) interview के उपरांत चयनित अभ्यर्थियों के साथ Agreement किया जायेगा।

(v) Agreement के उपरांत उन्हें वार्ड आवंटित किया जायेगा।

(vi) सभी चयनित उम्मीदवारों का Training करवाया जायेगा और उन्हे कार्य जिम्मेदारी एवं प्रतिवेदन के संबंध में जानकारी दी जायेगी।

(vii) चयनित उम्मीदवार को कार्य की जिम्मेदारी दी जायेगी।

(viii) निकाय स्तर पर पदस्थापित स्वच्छ साथी को इस तरह से वार्ड की जिम्मेदारी दी जायेगी की सभी वार्ड आच्छादित हो जाय। (एक से अधिक वार्ड की जिम्मेदारी)

(ix) आवेदन फार्म नगर पंचायत कार्यालय में उपलब्ध है। कार्यालय अवधि में फार्म से संबंधित जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

(x) सूचना को रदद् करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत सोनवर्षा, सहरसा के पास सुरक्षित रहेगा।

**नोट :–** यह किसी भी प्रकार से Permanent Position नही है। अतः भविष्य में किसी भी तरह का Claim मान्य नहीं होगा।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पंचायत सोनवर्षा, सहरसा**

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.009864 (B&C) 2026-27

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**